FinCEN मुखबिर (व्हिसलब्लोअर) बुलेटिनः

ईरान से संबंधित अवैध वित्तीय गतिविधियों की सूचना दें



संयुक्त राज्य अमेरिका के वित्त विभाग (U.S. Department of the Treasury) के अधीन वित्तीय अपराध प्रवर्तन नेटवर्क (Financial Crimes Enforcement Network — FinCEN) द्वारा एक व्हिसलब्लोअर प्रोत्साहन कार्यक्रम) संचालित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनता के सदस्य उन विशिष्ट विधियों के उल्लंघन से संबंधित सूचना प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका प्रवर्तन अमेरिकी वित्त विभाग तथा न्याय विभाग (Department of Justice — DOJ) द्वारा किया जाता है। इन विधियों में बैंक गोपनीयता अधिनियम (Bank Secrecy Act — BSA) तथा वे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून शामिल हैं, जो अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी परिसंपत्ति नियंत्रण कार्यालय (Office of Foreign Assets Control — OFAC) द्वारा प्रशासित अमेरिकी व्यापार एवं आर्थिक प्रतिबंधों का विधिक आधार प्रदान करते हैं। ईरान से संबंधित बैंक गोपनीयता अधिनियम तथा आर्थिक प्रतिबंधों के संभावित उल्लंघनों के संबंध में सूचना प्रदान करके (व्हिसलब्लोअर) संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

FinCEN, अमेरिका या गैर अमेरिकी के सूचना प्रदाताओं से उन व्यक्तियों या संस्थाओं के संबंध में सूचनाएँ आमंत्रित करता है, जिनके द्वारा बैंक गोपनीयता अधिनियम (Bank Secrecy Act — BSA) अथवा विदेशी परिसंपत्ति नियंत्रण कार्यालय (Office of Foreign Assets Control — OFAC) द्वारा प्रशासित प्रतिबंध कार्यक्रमों का उल्लंघन किए जाने की आशंका हो। इसमें ऐसे संभावित उल्लंघनों से संबंधित जानकारी भी शामिल है, जिनमें ईरान से बाहर संचालित ईरानी प्रतिनिधियों (proxies) अथवा सहयोगकर्ताओं (facilitators) का उपयोग किया जा रहा हो। OFAC प्रतिबंधों के संभावित उल्लंघन का संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संबंध हो। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, अमेरिकी व्यक्तियों, अथवा अमेरिकी व्यक्तियों के स्वामित्व या नियंत्रण वाली संस्थाओं के साथ या उनकी भागीदारी से किए गए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लेन-देन शामिल हैं। गैर-अमेरिकी व्यक्तियों के लिए भी कुछ प्रकार के व्यवहार अथवा लेन-देन निषिद्ध हैं। इनमें अमेरिकी व्यक्तियों को जानबूझकर अथवा अनजाने में अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए प्रेरित करना, ईरान पर लागू अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने की साजिश में शामिल होना, तथा अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने या उन्हें निष्प्रभावी करने के उद्देश्य से गतिविधियों में संलग्न होना शामिल है।

आर्थिक बहिष्कार अभियान

24 अगस्त, 2026 ट्रेजरी सचिव बेसेंट ने ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट (Operation Economic Outcast) की घोषणा की, जिसे "इकोनॉमिक डी-डे" (Economic D-Day) भी कहा गया। इस अभियान का उद्देश्य उन आर्थिक रास्तों को बंद करना है, जिनसे ईरानी शासन को अभी भी धन और अन्य वित्तीय सहायता मिल रही है। ै। अमेरिकी वित्त विभाग ने उन नेटवर्क, मध्यस्थों और वित्तीय चैनलों का मानचित्रण किया है जिनका उपयोग ईरान तेल की तस्करी करने, प्रतिबंधों से बचने, और आतंक को फंड करने के लिए करता है। अमेरिकी सरकार की अन्य एजेंसियों, यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम, खाड़ी देशों और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर ट्रेजरी विभाग ईरानी शासन के अवैध राजस्व के किसी भी स्रोत के साथ-साथ धन के हस्तांतरण के लिए प्रतिबंधों से बचने की उसकी योजनाओं को भी निशाना बना रहा है।.

अमेरिकी वित्त (ट्रेजरी) विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई संस्था ईरान की ओर से धन शोधन (money laundering) या प्रतिबंधों से बचने में सहायता करती है, तो उसे अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से बाहर किया जा सकता है। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो व्यक्ति या संस्थाएँ ईरानी शासन के साथ व्यापार करना जारी रखती हैं, उन पर द्वितीयक प्रतिबंध (secondary sanctions) लगने का जोखिम बढ़ सकता है। साथ ही, अमेरिका इन प्रतिबंधों को लागू करने की कार्रवाई और तेज करेगा। ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट (Operation Economic Outcast) के बारे में अधिक जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

किन बातों पर ध्यान दें

व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम के लिए एलिजिबल होने वाले व्यक्तियों के पास ऐसे किसी व्यक्ति या संस्था के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी हो सकती है, जो ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों से बचने या धन शोधन (money laundering) में सहायता कर रही हो।

ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के मामलों में निम्नलिखित में से एक या अधिक संभावित तरीके और पैटर्न शामिल हो सकते हैं:

- ऐसी कंपनियों और देशों/क्षेत्रों का उपयोग, जहाँ ईरानी प्रतिबंधों से बचने का जोखिम अधिक माना जाता है। इनमें इराक, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), तुर्किये और चीन से जुड़ी कंपनियाँ शामिल हैं।
- । नौपरिवहन (शिपिंग) दस्तावेजों में अनियमितताएं जो ईरान के साथ संबंधों को छिपा सकती हैं, जिसमें प्रेषण (शिपमेंट) के लिए उपयोग किए जाने वाले जहाजों की वास्तविक पहचान को छिपाने के प्रयास शामिल हैं।
- । ईरान में स्थित डिजिटल एसेट एक्सचेंज (या सर्विस प्रोवाइडर) या ऐसी संस्थाओं के लिए छद्म कंपनी (फ्रंट कंपनी) के रूप में काम करने वाली संस्थाओं के साथ या उनसे होने वाले भुगतान।
- । ईरानी प्रतिपक्षों (काउंटरपार्टीज़) वाली शिपिंग कंपनियां जिसमें इराक, यूएई और चीन, खासकर हांगकांग की कंपनियां शामिल हैं।
- मुद्रा विनिमय केंद्रों (एक्सचेंज हाउस) का असामान्य उपयोग, ो।जिसमें वे स्थितियां भी शामिल हैं जहां शुल्क, लेन-देन की संख्या, या लेन-देन का पैटर्न मानक और प्रथागत व्यावसायिक तौर-तरीकों को नहीं दर्शाता है।
- पेट्रोलियम, शिपिंग, ट्रेडिंग या ट्रस्ट कंपनियों द्वारा डिजिटल एसेट का असाधारण भुगतान।
- गैर-पंजीकृत े पीयर-टू-पीयर एक्सचेंज, विदेशों में स्थित मनी सर्विस व्यवसाय और नेस्टेड डिजिटल एसेट एक्सचेंज (छद्म/प्रच्छन्न डिजिटल एसेट एक्सचेंज)।

ईरान से जुड़े आतंकवादी प्रतिनिधियों की अवैध वित्तीय योजनाओं में निम्नलिखित गतिविधियाँ शामिल हो सकते हैं:

- ग्राहकों के बीच होने वाले लेन-देन में ऐसे शब्द, नाम या संदेश दिखाई देना, जो आतंकवाद या आतंकवादी संगठनों से जुड़े हों। इसमें एक-दूसरे को पैसे भेजते समय लिखे गए नोट या संदेश भी शामिल हो सकते हैं।
- ऐसे मनी सर्विस बिज़नेस (MSBS), डिजिटल परिसंपत्ति सेवाओं से जुड़े व्यवसायों या अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ लेन-देन, जो उन देशों या क्षेत्रों में काम करते हों जहाँ आतंकवादी गतिविधियों का जोखिम अधिक हो। विशेष रूप से तब, जब उनकी ग्राहक पहचान और सत्यापन प्रक्रियाएँ कमजोर हो, या वे मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने (AML/CFT) के सर्वोत्तम नियमों का सही तरीके से पालन न करते हों।
- ऐसे ग्राहक लेन-देन जो उन कंपनियों से जुड़े हों, या अन्यथा ऐसी संस्थाओं से जुड़े हों जो शेल/फ्रंट कंपनियाँ हों, ऐसी सामान्य व्यापारिक कंपनियाँ जिनका वास्तविक व्यावसायिक उद्देश्य अस्पष्ट हो, या ऐसी कंपनियाँ जिनके असली मालिकों की जानकारी से ईरान या ईरान-समर्थित आतंकवादी समूहों से संबंध का संकेत मिलता हो।
- ऐसी चैरिटेबल संस्थाएँ या गैर-लाभकारी संगठन जो दान तो मांगते हों, लेकिन वास्तव में कोई सामाजिक या चैरिटेबल सेवा देते हुए न दिखें, या खुले तौर पर आतंकवादी गतिविधियों या अभियानों का समर्थन करते हों।
- ऐसे ग्राहक जिन्हें कई अलग-अलग डिजिटल वॉलेट्स से बहुत से छोटे-छोटे डिजिटल एसेट भुगतान मिलते हों और बाद में वे पूरी रकम किसी दूसरे वॉलेट में भेज देते हों। यह विशेष रूप से संदिग्ध हो सकता है यदि ग्राहक ऐसे देश या क्षेत्र के IP address से लॉगइन कर रहा हो जहाँ आतंकवादी गतिविधियों का जोखिम अधिक माना जाता है।
- किसी ग्राहक द्वारा ऐसे देश या क्षेत्र में पैसे भेजना जहाँ आतंकवादी गतिविधियों का जोखिम अधिक हो, और यह लेन-देन ग्राहक के बताए गए काम या व्यावसायिक उद्देश्य से मेल न खाता हो। खासकर तब, जब पैसे भेजने के स्पष्ट कारण के स्थान पर केवल "यात्रा खर्च," "चैरिटी," "सहायता," या "उपहार" जैसे अस्पष्ट उद्देश्य बताए गए हों।
- ऐसे खाते जिनमें हाल ही में सोशल मीडिया फंडरेज़र या क्राउडफंडिंग प्लेटफ़ॉर्म से बड़ी रकम आई हो, और उस खाते को ऐसे देश या क्षेत्र के IP address से उपयोग किया जा रहा हो जहाँ आतंकवादी गतिविधियों का जोखिम अधिक है -, जबकि खाताधारक (account holder) के वहाँ रहने या वहाँ यात्रा करने की कोई जानकारी न हो।

ईरान से जुड़े प्रतिबंधों से बचने और अवैध वित्तीय गतिविधियों के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए OFAC और FinCEN समय-समय पर मार्गदर्शन और चेतावनियाँ जारी करते हैं।

- OFAC ने हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) से गुजरने के लिए ईरान की मांगों से जुड़े प्रतिबंध जोखिमों और टीपॉट ऑयल रिफाइनरीज़ के साथ लेन-देन से जुड़े प्रतिबंध जोखिमों पर चेतावनियाँ जारी की हैं। इसके अलावा, OFAC ने शिपिंग और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोगों और संस्थाओं के लिए ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों से बचने के तरीकों की पहचान करने और उन्हें रोकने से संबंधित मार्गदर्शन भी जारी किया है। OFAC के ईरान प्रतिबंधों से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी और परामर्श उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- FinCEN ने हाल ही में तीन परामर्श (advisories) जारी की है: (१) वाणिज्यिक उड्डयन उद्योग (commercial aviation industry) के लिए ईरान के उपकरण जुटाने के प्रयास, (२) ईरानी शासन द्वारा तेल की तस्करी, शैडो बैंकिंग और हथियारों की खरीद;तथा (३) ईरान की Islamic Revolutionary Guard Corps से जुड़ी फ्रंट कंपनियों, वित्तीय सहयोगियों और digital asset infrastructure से संबंधित। FinCEN ने एक वित्तीय प्रवृत्ति विश्लेषण (Financial Trend Analysis) भी जारी किया है, जिसमें उदाहरणों के माध्यम से बताया गया है कि ईरान किस तरह एक्सचेंज हाउस और विदेशी कंपनियों से जुड़े शैडो बैंकिंग नेटवर्क का उपयोग करके प्रतिबंधों से बचने की कोशिश करता है।

शिकायत या सूचना कैसे दर्ज करें (How to Blow the Whistle)

जो व्यक्ति अपनी इच्छा से ऐसे कानूनों[1] के उल्लंघन या उल्लंघन की साजिश से संबंधित जानकारी देते हैं, वे पुरस्कार के लिए योग्य हो सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि उनकी दी गई जानकारी के आधार पर अमेरिकी वित्त विभाग या न्याय विभाग (DOJ) द्वारा की गई सफल प्रवर्तन कार्रवाई के परिणामस्वरूप $1,000,000 से अधिक की मौद्रिक पेनल्टी वसूल की जाए, तथा 31 U.S.C. 5323 और उसके कार्यान्वयन नियमों की अन्य आवश्यकताएँ पूरी होती हों। FinCEN के व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम के तहत दिए जाने वाले पुरस्कार काफी बड़े हो सकते है (वसूल की गई मौद्रिक पेनल्टी का 10% से 30% तक)। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसे लोगों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिनके पास कानून के संभावित उल्लंघनों की स्पष्ट जानकारी हो और जो वित्त विभाग को भरोसेमंद, कार्रवाई-योग्य सूचना दे सकें। वित्त विभाग अपने विवेक पर ऐसे व्यक्तियों को भी पुरस्कार दे सकता है, जो सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से ईरानी शासन या ईरान की सरकारी कंपनियों के लिए या उनकी ओर से काम करते हों, बशर्ते वे कार्यक्रम की अन्य सभी जरूरी शर्तें पूरी करते हों।

FinCEN के व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी, और सूचना या टिप जमा करने की प्रक्रिया जानने के लिए FinCEN Office of the Whistleblower की वेबसाइट देखें।

1. देखें: 31 U.S.C. 53231 FinCEN के व्हसिलब्लोअर कार्यक्रम में शामलि कानूनों में United States Code के Title 31, Chapter 53, Subchapter II; Title 50 के Chapter 35 या Sections 4305 और 4312; तथा Foreign Narcotics Kingpin Designation Act (21 U.S.C. 1901 et seq.) शामलि हैं।